॥ ओ३म् ॥

वेदार्थ-कल्पद्रुमः

श्रीयुत स्वामि-करपात्रिकृत-'दयानन्दीय-मत-खण्डन-खण्डकः

प्रथमः खण्डः

प्रणेता

आचार्य विशुद्धानन्द मिश्रः शास्त्री

व्याकरणाचार्य-दर्शनवाचस्पति :

कुलपतिः गुरुकुल-विश्वविद्यालयस्य-वृन्दावनस्य

भारत-सर्वकार-मनोनीत-सदस्यः दिल्लीस्थ राष्ट्रीय-संस्कृत-संस्थानस्य

हिन्दी-रूपान्तर-विधायिका

श्रीमती निर्मला 'मिश्रा'

साहित्य-पुराणेतिहासाचार्या, एम० ए० (दर्शन-संस्कृतयोः) साहित्य-रत्नम्

प्राचार्या

पार्वती-आर्य-कन्या-विद्यालयस्य-बदायूंस्थस्य

सम्पादकः

सुरेन्द्रकुमार शास्त्री व्याकरण-साहित्याचार्यः

प्रकाशिका :

सार्वदेशिक-आर्य-प्रतिनिधि-सभा, नव-दिल्ली

प्रथमं संस्करणम्

दयानन्दाब्दाः १६०   १००० प्रतयः   विक्रमाब्दाः २०४१

प्रकाशिका :
सार्वदेशिक-आर्य-प्रतिनिधि-सभा
महर्षि दयानन्द भवन, रामलीला मैदान
नई दिल्ली

मूल्यम् : ६०)

पुस्तक-प्राप्ति-स्थानम् :
१. प्रकाशक-स्थानम्
२. आनन्द-मन्दिरं, कूंचा पांडा
वदायूं (उत्तर प्रदेश:)

मुद्रक :
चन्द्रमोहन शास्त्री
सैनी प्रिण्टर्स,
७११७, पहाड़ी धीरज, दिल्ली-६

The Vedarth Kalpadrumah

A full-scale rejoinder to the The Dayanandiya Mata Khandanam from Shri Karapatiji's WorK, VEDARTHA PARIJATA

by
Acharya Vishuddhananda 'Mishra' Shastri
Vyakarnacharya, Darshan-Vachaspati etc.
Vice-Chancellor, Gurukul VIshwa-vidyalaya, Vrindavan
Member (nominated) National Sanskrit Institute, New Delhi

Hindi translation
by
Smt. Nirmala 'Mishra'
Sahitya-Purana-Itihasa Acharya, M. A.
(Philosophy and Sanskrita), Sahitya Ratna
Principal P. A. K. V. (College,) Badaun (U. P.)

Editor
Surendra Kumar Shastri Vyakaran-Sahitya Acharya

Publishers :
Sarvadeshik Arya Pratinidhi Sabha
Ramlila-graund, New Delhi-110002 (India)

2041 1984

First Edition 1000 Copies

समर्पितिः

प्रातःस्मरणीय-मातृपितृपाद-पद्मेभ्यः

मातुःस्तन्येन साकं श्रुतिमधुविलसद् गानमापीय कामम् ।
शिक्षा-सन्दीक्षितः सन् पितृवर-चरणाम्भोज-सामीप्यमाप्य ॥
एतं ग्रन्थं प्रणेतुं यदमितकृपया स्वस्थ-सामर्थ्यमाधाम् ।
पित्रोः पद्भ्यो हि तेभ्यः प्रविनत-शिरसा श्रद्धया चार्पयेऽहं ॥

आत्मजः विशुद्धानन्दः

प्रातः स्मरणीय-पूज्या स्व० माता श्रीमती ललितादेवी

तथा


स्वर्गीय पूज्य पिता श्री पं० अयोध्याप्रसाद 'मिश्र'
वैद्य-भूषण के चरण कमलों में
वेदार्थ-कल्पद्रुम 'श्रद्धापुष्प'

समर्पण

स्नेहमूर्ति माँ के दुग्ध के साथ-२ उनको श्रुतिमधुर-लोरी गान का यथेच्छपान कर, महर्षि के अनन्यभक्त परमपूज्य पिताजी के चरण कमलों की आराधना करके, जिनकी अपरिमित कृपा से मुझे जिस ग्रन्थ 'वेदार्थ कल्पद्रुम' के प्रणयन करने की स्वस्थ-सामर्थ्य प्राप्त हुई है ऐसे माता पिता के उन पावन चरण-कमलों में, उस (ग्रन्थ) को नतमस्तक श्रद्धाभाव से समर्पित करता हूं।

आत्मज विशुद्धानन्द मिश्र

ग्रन्थकारः
आचार्य श्री विशुद्धानन्द-मिश्रः शास्त्री



वेद-ज्ञाननिधिः सुधीः शुचिमतिर्वेदाङ्ग-नद्यम्बुधिः ।
आनन्दान्त-विशुद्ध-मिश्र-पदवी नाम्ना धृता येन सः ॥
वेदार्थस्य फल-प्रदान-निरतः 'कल्पद्रुमा' न्नैजकात् ।
सद्धर्मश्रुतिशास्त्र-चिन्तनफलं दद्यात् शतं शारदम् ॥

हिन्दी-विधायिका
प्राचार्या श्रीमती निर्मला 'मिश्रा' विविध-विषयाचार्या, एम. ए.



यल्लालिताः अनुदिनं शिशवश्च भृत्याः ।
सम्भाषणे व्यवहरन्ति जनुःप्रभृत्या ॥
'कल्पद्रुम' स्य शुभ-सौरभमाकिरन्ती ।
देवी सुसंस्कृतगिरा खलु 'निर्मले'यम् ॥

प्रकाशकीय-वक्तव्य

वेदोद्धारक महर्षि-दयानन्द-सरस्वती ने ब्रह्मचर्यादितपःपूत योगमयी साधना द्वारा वेदों के निर्भ्रान्त सत्यार्थ प्रकाशित किये और प्रमाण तथा प्रखर तर्कों से महीधर-सायणादिकृत कदर्थ-भाष्यों के खण्डन एवं सुधार का अप्रतिम साहस किया ।

नीरक्षीर-विवेकी विद्वानों ने ऋषि द्वारा प्रदर्शित, यास्काचार्य के निरुक्त एवं ब्राह्मणादिसद्ग्रन्थों से पोषित एवं परिमार्जित वेदार्थ-पद्धति को स्वीकार किया । फिर भी कतिपय पक्षपाती-जन इस नव जाज्वल्यमान ज्योति पर आवरण डालने का दुष्प्रयास करने लगे और अवैदिक बुद्धिबाह्य तर्कहीन अर्थों को ईश्वरीय शाश्वतवाणी वेद के साथ जोड़ने लगे ।

मुझे बड़ी पीड़ा के साथ इस तथ्य को कहने में संकोच नहीं है कि मीमांसाशास्त्र के महान् विद्वान् स्वामी करपात्री जी भी दुराग्रह-वश इस दोष से मुक्त होने में सर्वथा असमर्थ रहे । मुझे यह भी कहने में तनिक हिचक नहीं कि वे 'वेदार्थ-पारिजात' में अनेक स्थलों पर महर्षि दयानन्द के सत्य-सिद्धान्तों का खण्डन करते हुये स्वयं ही निग्रहस्थान में आ गये हैं ।

वेदार्थ-पारिजात के इन लेखक ने आर्ष-शैली से प्रतिपादित किये गये महर्षि-दयानन्द के (ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका-गत) पाण्डित्यपूर्ण आर्ष सिद्धान्तों को छल-कपट एवं वाग्जाल द्वारा खण्डित करने का जो आडम्बर रचा था उसके निराकरण करने की अत्यन्त आवश्यकता थी । आर्यसमाज के नियम 'सत्य के ग्रहण करने और असत्य के त्यागने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये' के अनुसार आर्य-जगत् के प्रकाण्ड-विद्वान्, संस्कृत-वाङ्मय के उद्भट पण्डित, वैदिक सिद्धान्तों के मर्मज्ञ, गुरुकुल-विश्व-विद्यालय, वृन्दावन के कुलपति, "पण्डिताग्रगण्य, आचार्य विशुद्धानन्द शास्त्री, दर्शनवाचस्पति ने उस

'वेदार्थ-पारिजात' का 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' नाम से सप्रमाण सयुक्तिक उत्तर लिखकर आर्यजगत् की महान् सेवा की है।

श्री आचार्य-प्रवर ने इस ग्रन्थ का उत्तर लिखकर गुरुवर महर्षि दयानन्द के प्रति जो आस्था प्रकट की है, उससे वे ऋषि-ऋण से उऋण होकर महर्षि दयानन्द की शिष्य-मण्डली में प्रथम पंक्ति में विराजमान हुये हैं।

आर्य समाज को यह गौरव प्राप्त है कि उसकी गोद में विलसित महनीय लेखक का एक ऐसा परिवार है, जिसके बच्चों की मातृभाषा संस्कृत है। एक ओर कहाँ तो श्री करपात्री जी के साथ वेदार्थ-पारिजात की रचना में सहायक पौराणिक जगत् के नाना-विषयों के १४ प्रकाण्ड पंडित और सर्वविध-साधन-संपन्नता, और कहाँ दूसरी ओर ये आचार्य प्रवर और उनकी परम-विदुषी धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला 'मिश्रा' हैं, जिनके प्रयास से यह 'वेदार्थ-कल्पदुम' तैयार हो सका है।

यह सम्पूर्ण ग्रन्थ यथासमय ४ खण्डों में प्रकाशित होगा, सम्प्रति यह प्रथम खण्ड प्रस्तुत है, जो 'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' के 'वेद-विषय-विचार, तक सम्बद्ध है।

मेरा विश्वास है कि आचार्य विशुद्धानन्द जी द्वारा लिखित इस वेदार्थ-कल्पद्रुम' का देश और विदेश की विद्वन्मण्डली तथा संस्कृत-साहित्य में रुचि रखने वाले विद्वान् स्वागत करेंगे।

निवेदक
रामगोपाल 'शालवाले'
प्रधान
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा
नई दिल्ली

आभार-प्रदर्शन

यह 'वेदार्थ-कल्पदुम' स्वर्गीय श्री करपात्री जी के जीवन-काल में ही लिखा जा चुका था, परन्तु वे इसको न देख सके। मुझे महान् हर्ष होता कि वे मेरे ग्रन्थ के प्रमाण-समुच्चय और बलवत्तर्कों से महर्षि की मण्डित विचार-धारा की सत्यता के प्रति कृतज्ञ और प्रभावी (कायल) होते। वे अब दिवङ्गत हैं, पर उनके सैकड़ों भुवङ्गत भक्त इसे पढ़कर सत्यासत्य के निर्णय पर अवश्य पहुंचेंगे।

मेरे ग्रन्थ के प्रकाशन के विलम्ब का कारण मूलरूप में यही रहा कि मेरे ग्रन्थलेख का परिष्करण, मुद्रण-शोधन आदि महान् कार्य कोई अन्य प्रशस्त विद्वान् ही करे। कालानन्तर में सम्माननीय श्री सुरेन्द्रकुमार जी शास्त्री व्याकरण साहित्याचार्य के समक्ष जब यह प्रश्न आया, तो सौम्य प्रकृतिक विपश्चिद्वर्य ने बड़ी निर्लोभता एवं सारल्य से इस दुष्कर कार्य के भार को स्वयं ले लिया।

इनके प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन की चेष्टानुरूप शब्दावली न जुट सकने पर भी आभार प्रकाशन की सफलता की दिशा में एक असफल प्रयास ही सही, पर वह सही तो है। इससे मुझे सन्तोष है।

श्री करपात्री जी का वेदार्थ-पारिजात

श्री करपात्री जी के जीवन की अन्तिम, महती उपलब्धि यह है कि उन्होंने अपनी रूढिग्रस्त पौराणिक धारणाओं से अभिभूत होकर अन्धविश्वासी अपने भक्तों में अपने पाण्डित्य की धाक जमाने के लिये और उनको, स्वामि दयानन्दीय-सिद्धान्तों का खण्डन करके प्रसन्न करने के लिये 'ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका' का भी खण्डन लिख डाला।

महर्षि दयानन्द के सिद्धान्तों की सप्रमाणता एवं तर्कानुसंगतता

की दिव्यज्योति के समक्ष दिवान्धतुल्य पंडितम्मन्य दम्भी हतप्रभ होने लगे थे । पुनरपि करपात्री जी को आशा थी कि आर्यसमाजियों के विरोधियों के बाहुल्य से वे विशेष-ख्याति प्राप्त कर सकेंगे, परिणामत: उन्होने महर्षि कपिल कणाद और गौतम से भी आगे बढ़कर वेद-धारा की उपेक्षा कर कतिपय नये सिद्धान्तों की इस ग्रन्थ में तिरोहित-रूप से स्थापना की कि इस खण्डन के भकामोड़े और हुल्लड़ में वे आगे चलकर जनमानस को यह सोचने के लिए विवश कर देंगे कि करपात्री जी की प्रतिभा उक्त महर्षियों से भी आगे गई है । उनमें से कतिपय नई मान्यताओं को देखिये :—

१. वेदों का कोई कर्त्ता नहीं है, वेदों का ज्ञान प्रलय के पश्चात् सुप्त प्रतिबुद्धन्याय से ही हो जाता है ।
२. मन्त्र और ब्राह्मण-ग्रन्थ दोनों ही वेद-पदाभिधेय हैं ।
३. ये वेद ११३१ शाखाओं से युक्त हैं ।
४. विकासवाद के सिद्धान्त के समान वेदज्ञान भी आदि में विना सिखाये भी हो सकता है ।
५. ईश्वर, भक्तों पर अनुग्रह के लिये साकाररूप धारण करता है । इत्यादि २ ।

परन्तु वे इन धारणाओं और मान्यताओं के पोषण में कोई वेद प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके । पाठक महानुभाव ! इन्हें शास्त्रों पर आस्था तथा विश्वास नहीं है, भले ही ये जनमानस को आकृष्ट करने के लिये पदे पदे शास्त्रों की दुहाई देते हैं । सांख्य तथा मीमांसा के रचयिताओं को अनीश्वरवादी प्रतिपादित करने में ये नहीं हिचके हैं । पौर्वापर्य लेख का भी ध्यान नहीं रहा है । क्योंकि वह अनास्था में स्वयं भटक रहे हैं इन्होंने 'ऋग्वेदादिभाष्य-भूमिका' के प्रत्यक्षर खण्डन की प्रतिज्ञा की है परन्तु वे अपने उद्देश्य में, सफल खण्डन न होने से असफल रहे हैं । खण्डन के लिये उठाये उनके ओछे हथियार लक्ष्य-बेध में असमर्थ रहे हैं । करपात्री जी ने स्वामी दयानन्द की जो व्याकरण-सम्बन्धी त्रुटियां निकाली हैं उनका भी निराकरण कर सप्रमाण-समाधान किया है तथा साथ ही करपात्री जी की अनेकों व्याकरण की त्रुटियां निकाली हैं ।

मैं आर्य जगत् की शिरोमणि सार्वदेशिक आर्य-प्रतिनिधि-सभा नई दिल्ली के सभी मान्य अधिकारियों तथा विशेषतया सभा के सम्मान्य प्रधान यतिकल्प, आर्य समाजार्थ-समर्पित-समस्त-जीवनधन श्री ला० रामगोपाल शालवाले का अत्यन्त आभारी हूं जिनकी प्रेरणा से उन्हीं के पथ-प्रदर्शन में इस ग्रन्थ का प्रकाशन हुआ है ।

मैं वेदार्थ-कल्पद्रुम लिखने की प्रेरणा में गुरुवर्य शास्त्रार्थ-महारथी श्री पं. बिहारीलाल जी शास्त्री काव्यतीर्थ के अतिरिक्त दर्शनाचार्य उदयवीर जी शास्त्री तथा आदरणीय श्री पं० शिवकुमार जी शास्त्री जी का भी प्रमुख योग मानता हूं जिसने मुझे सतत अग्रसर किया है । इन सभी विद्वानों के प्रति मैं कृतज्ञभाव से अवनत शिरस्क हूँ । आभारिता प्रदर्शन की इस शृंखला में विस्मरण करना, कहीं अनुताप का स्थल न बन जाये, अत: आदरणीय श्री सच्चिदानन्द जी शास्त्री एम. ए. तथा श्री ब्रह्मदत्त जी 'स्नातक' के प्रति हार्दिक कृतज्ञता अभिव्यक्त करता हूं ।

अन्त में श्री चन्द्रमोहन जी शास्त्री का भी आभारी हूँ जिनके सहयोग से यह ग्रन्थ शुद्ध एवं उत्तम मुद्रित हो सका है ।

आभारी

दिनांक १-११-१९८४ **आचार्य विशुद्धानन्द मिश्र**

ओ३म्

आशीर्वचः

श्रीमता करपात्रिमण्डलेन प्रणीतं प्रकाशितञ्च वेदार्थपारिजातो नाम पुस्तकं मयाऽवालोकि । प्रणेतारः अपरिपक्व-विचारजुषोजनान् भ्रामयितुंनव्यन्याय शब्दजालमेवातन्वन् । यद्यपि करपात्रिमण्डलं महर्षि-दयानन्द-मन्तव्यं खण्डयितुं सोत्साहं प्रववृते, किन्तु तथ्यमिदं सर्वथा सुस्पष्टं यन्महर्षेर्मूलसिद्धान्तखण्डने ते नितरामसाफल्यमलभन्त । महर्षि-दयानन्दस्य को नाम राद्धान्तो बुद्धिविरुद्धः शास्त्राऽसम्मतो देशस्याश्रेयस्कर आर्य-राष्ट्रविघातकश्चेति दर्शयितुं कोऽपि पण्डितो नाक्षमिष्ट ।

शब्द-शास्त्रपारावारावगाहनलब्ध-नैपुण्येन व्याकरणाचार्येण विदुषा श्री विशुद्धानन्दमिश्रेण पुस्तकमदः सम्यक् समालोचि, युक्ति-युक्तं याथातथ्येन च सकलमुत्तरितम् । ऋषिदयानन्दोदीरितमखिलमपि वाक्य-जातं नितरां निर्दोषमिति च सम्यक् प्रत्यपादयद् विद्वद्धौरेयः मिश्रमहोदयः । आचार्यवर्यस्यास्य सूक्ष्म-विषय-विवेचन-निपुणशेमुषी, तर्कपूर्वकमालोचनीयमुपन्यस्य प्रमाणपुरस्सरञ्च तत् सुसङ्गमय्य येन प्रकारेण स्वाभिमतं प्राकाशयत्तदखिलं प्रेक्षावतां मुदमावहति । विद्वच्छिरोमणेः श्री विशुद्धानन्दस्य ग्रन्थमधीत्य श्रीमत :--करपात्रिणः पौराणिकाः पण्डिता हतप्रभा भविष्यन्ति । अहमाचार्यवर्यस्य निपुणं शास्त्र-विवेचन-वैचक्षण्यं वीक्ष्यातितरां मोदमानेन मनसा तं शुभाशी-राशिभिर्वर्द्धयामि । आशासे यत् शेषस्यापि वेदार्थपारिजातपुस्तकस्य समालोचनमनयैव सरण्या सम्पत्स्यते ।

सुरभारती-समुन्नयने बद्धाभिलाषा विद्वांसः विदित्वेदं नूनं मोदिष्यन्ते यदाचार्य-विशुद्धानन्दस्य समस्तः परिवारः संस्कृतं मातृ-भाषात्वेन व्याहरति । अस्य विदुषः शिशवोऽपि मातृस्तन्येन साकं प्रकाममापीय सरस्वती-रसं संस्कृत एव प्रथमां वाचमुदीर्य श्रोतॄणां कर्णौ प्रीणयन्ति ।

आशासेयत् वेदार्थकल्पद्रु मोऽयं स्वीयैरमृतकल्पैः फलैः सदसद्विवेचन-चणानां विचक्षणानामतिशयेन तर्पयिष्यति मनांसि, ।

बिहारीलालः शास्त्री

आशीर्वाद

श्री करपात्री जी की मण्डली द्वारा प्रणीत एवं प्रकाशित 'वेदार्थ-पारिजात', नामक पुस्तक का मैंने अवलोकन किया । इस पुस्तक के प्रणेताओं ने पुस्तक में अपरिपक्वबुद्धि वाले व्यक्तिओं को भ्रमित करने के लिए प्रायः नव्य-न्याय की शब्दावली के जाल को फैलाया है । यद्यपि यह करपात्रिमण्डल महर्षि दयानन्द के वैदिक मन्तव्यों को खण्डित करने के लिये प्रवृत्त हुआ है, पर वह इस खण्डन कार्य में सर्वथा असफल रहा है; क्योंकि महर्षि दयानन्द प्रतिपादित कोई भी सिद्धान्त ऐसा नहीं है जो बुद्धि-विरुद्ध शास्त्राऽसम्मत, देश के लिये अकल्याणकारी और आर्यराष्ट्र के लिये विघातक हो ।

शब्द-शास्त्र में निपुण व्याकरणाचार्य श्री पं० विशुद्धानन्द मिश्र ने करपात्री जी की उक्त पुस्तक का सम्यक् अवलोकन करके, तथ्य-पूर्ण युक्तियुक्त उत्तर देने का सफल प्रयास किया है । विद्वद्धौरेय मिश्र महोदय ने ऋषिदयानन्दोक्त प्रत्येक वाक्य-जात को निर्दोष सिद्ध किया है । उनकी सूक्ष्म-विवेचन-विचक्षण बुद्धि ने तर्क-पूर्वक आलोचनीय विषय का विश्लेषण कर, प्रमाण-पूर्वक उसका संगमन करके जिस प्रकार से अपने अभिमत समाधान को प्रस्तुत किया है, वह परीक्षा-निपुण विद्वानों के लिये हर्ष का विषय है ।

विद्वत् शिरोमणि श्री विशुद्धानन्द जी के इस 'वेदार्थ कल्पद्रुम' ग्रन्थ को पढ़कर पौराणिक पंडित हतप्रभ होंगे । ऐसा मेरा विश्वास है । मैं इनकी शास्त्र-विवेचन-निपुणता को भली भाँति देख कर प्रसन्न मन से उनके मंगल के लिये अपनी शुभ आशीराशि प्रदान करता हूं, और आशा करता कि वेदार्थ-पारिजात के शेष भाग का भी इसी पद्धति से समाधान किया जायेगा ।

साथ ही संस्कृत-भाषा की समुन्नति में बद्धाभिलाष विद्वज्जन यह जानकर अति प्रसन्न होंगे कि आचार्यजी का समस्त परिवार संस्कृत को मातृ-भाषा के रूप में व्यवहृत करता है । इनके छोटे २ बच्चे भी अपनी माता के दुग्ध पान के साथ सरस संस्कृत वाणी का पान करके प्रथमवाणी संस्कृत को ही बोलकर श्रोताओं को प्रसन्न करते रहे हैं ।

आशा करता हूं कि यह वेदार्थ-कल्पद्रुम अमृतफलों से सदसद् विवेकी पाठकों के मनों को संतोष प्रदान करेगा ।

बिहारी लाल शास्त्री

वदार्थ-कल्पद्रुमः

विद्वद्-वृन्द-मिलिन्द-वन्दित-वपुः सद्वृत्तपुष्पै र्नवैः,
कीर्त्तेः सौरभमारुतैर्विलसितो भावैः परागैरयम्।
शिष्टाचार-सुनिष्ठ-पावनरसैः स्निग्धैः सुधा-सम्मितैः,
स्वादीयोरचनावचः फलभृतो 'वेदार्थ-कल्पद्रुम': ॥ १ ॥

(२)

भ्रान्तिग्रस्त-बुधाऽविमर्शन पयः—पोतस्य लोकाम्बुधौ,
आर्यव्रातसुगम्यरम्यसरणिं सन्दर्शयन् सुप्रभः।
अज्ञानाऽमिततामसे श्रुतिविभास्तम्भप्रदीपोऽपरः,
दिव्यज्योतिरवाकिरत्यभिनवो 'वेदार्थ-कल्पद्रुमः' ॥ २ ॥

(३)

आनन्दाऽऽप्तिफलः सुभावकुसुमः सच्छास्त्रपत्रैर्लसन्।
शाखाभिर्लसितः सुयुक्तिविलसच्छायाऽऽत्मतृप्तिप्रदः ॥
सत्सिद्धान्तसुगन्धसाधितदिशः स्कन्धप्रमाणैः दृढः।
ऋग्वेदादिक-भाष्य-भूमिजनितो, 'वेदार्थ-कल्पद्रुमः ॥ ३ ॥

(४)

शाखाः यस्य सुनिर्मलाःसुसरलाः सत्पत्र-सञ्छादिताः।
छाया यस्य मनोहरातिसुखदा, संसेविता योगिभिः ॥
पुष्पाणि प्रकिरन्ति गन्धमनिशं चेतोहरं सर्वदा।
चातुर्वर्ग-फलप्रदस्तरुरसौ, 'वेदार्थ-कल्पद्रुमः' ॥ ४ ॥

वेदार्थ-कल्पद्रुम

विद्वद्वृन्द-रूपी मिलिन्दों से वन्दित कलेवर वाला, सद्वृत्त रूपी नवीन पुष्पों और कीर्त्ति के सुरभित मारुतों से विलसित, भावरूपी परागों और शिष्टाचार-निष्ठ-पावन-स्निग्धरसों से संभृत, अमृत-सदृश स्वादीय-रचना-मय निर्मल-वचन-फलों से परिपूर्ण यह 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' है ॥ १ ॥

अज्ञान के अपरिमित अन्धकार में, संसार-सागर में भ्रान्तिग्रस्त विद्वानों के विमर्शनरूपी जलपोतों के लिये आर्यों के सुगम्य-रम्य मार्ग को दिखलाता हुआ, दिव्य प्रकाश को विखेरने वाला, यह 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' एक दिव्य ज्योतिर्मय वेद-विभा-स्तम्भ-प्रदीप के सदृश है ॥ २ ॥

आनन्द की प्राप्ति ही जिसका फल है, सुन्दर-भाव ही जिसके पुष्प हैं शास्त्ररूपी पत्रों से शोभमान, शाखाओं (४ खण्ड) से मण्डित है, सुन्दर युक्तियों की छाया से आत्मतृप्ति को देने वाला है, श्रेष्ठ सिद्धान्तों की सुगन्धि से दिग्-दिगन्त को सुवासित करने वाला, प्रमाणरूपी स्कन्धों से सुदृढ़, तथा ऋग्वेदादिभाष्य-भूमिका की भूमि में समुत्पन्न यह 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' है ॥ ३ ॥

जिसकी शाखायें निर्मल और सरल हैं, उत्तम पत्रों से जो आच्छादित हैं, जिसकी छाया अतिमनोहर और सुखदेने वाली, एवं योगियों से सेवित है। चित्त को हरने वाले जिसके पुष्प रात दिन सुगन्ध बखेरते हैं, वह चतुर्वर्ग (धर्म अर्थ काम मोक्ष) के फल को देने वाला 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' है ॥ ४ ॥

प्राग्वाक्

अशेष-शेमुषी-जुषां सुविदुषां महर्षि-दयानन्द-सरस्वती-स्वामिनाम् ऋग्वेदादि-भाष्य-भूमिकामवलम्ब्य प्रत्यक्षर-खण्डन-प्रतिज्ञां विधाय श्रीकरपात्रमहोदयो हेत्वाभास-छल-प्रबल युक्तिभिः संवलितं वेदार्थ-पारिजातं नाम ग्रन्थमरचयत्।

स्थूल-कायोऽयं ग्रन्थः कृशतनो मे यदा दृग्गोचरतामायात्, नाभूत्तदा मानसे काऽपि स्फुरणा समाधानाय दीर्घकाल-रुजावदीर्ण-स्वास्थ्यस्य मम, परमदसीय-ग्रन्थ-प्रयुक्त-शब्दावली मामतितराम पीडयत्। काषायाम्बर-धरोऽपि दम्भ जृम्भा-विजृम्भितो लेखकश्चायं परमोपकारिणं सर्वकल्याण-कामना-साधनार्पित-जीवनं दयानन्दर्षि कृतघ्नतया मिथ्यारोपैः वैदिक-सिद्धान्त-दूषकैः कुतर्कैश्च, वेदार्थं कदर्थयन् प्रार्वातिष्ट इति दूयमानमानसोऽहं निरचिनुवं प्रत्युत्तरितुम्।

मन्येऽहं नेतरः अतः प्राक् 'ऋग्वेदादि-भाष्य-भूमिकायाः', मात्रा-वर्ण-पद-वाक्य-जातं 'तुच्छमविचारतम्' इति कथयितुमेवमयतिष्ट, यथा चाऽयं श्रीकरपात्रः प्रत्यजानात् 'कणेहत्य खण्ड्यते' इति।

पारिजातेऽस्मिन् कियत्यः खलु व्याकरण-न्याय-छन्दः शास्त्र-सिद्धान्तादेरशुद्धय इति को नाम गणयितुमेकसहायः प्रवर्तेत क्षमेत वा। मम सहधर्मिणी मामुत्तरितुं कृत-संकल्पमाज्ञाय, परमस्वस्थ माकलय्य मां बहुशो वारयन्त्यपि सहयोगायाङ्गीकृतोद्योगा समभवत्। साऽपि कष्टमन्वभवत् यदिमे पौराणिक-विद्वांसः संस्कृत-माध्यमेन किञ्चिद्दुरूह शब्दार्थ-चय-चमत्कारेण असंस्कृतज्ञान् स्वभक्तान् चकितान् कृत्वा प्रवञ्चन-प्रवीणाः सदर्थध्वनिवद्वेद-वीणा-निनादमपि कदर्थैर्दूषयितुं प्रवर्तन्ते। अतः तत्प्रत्युपायपरोऽहं विदुषामनुचरः ऋषि-भाष्य-भूमिका-खण्डनस्यैतस्य खण्डनं विधित्सुरुद्यतोऽस्मि।

प्रवरमुनिकृते 'यं भाष्यभूमेः' समन्तात्।
व्यथित हि करपात्री, खण्डनायासमत्र॥
तमिह खलु विशुद्धानन्दनामाऽहमार्यः,।
निगम-निशित-तर्कैः, सप्रमाणं छिनद्मि॥ १॥

गुरुणा प्रेरितोऽनन्त श्रीजुषा शास्त्रिणाप्यहम्।
'निर्मलां' वृत्तिमाधाय' यथाशक्ति समादधे॥

विदुषां वशंवदः
आचार्य विशुद्धानन्द मिश्रः

प्राग्वाग्

अशेषमति-सम्पन्न महर्षि दयानन्द सरस्वती की 'ऋग्वेदादि-भाष्य-भूमिका' के प्रत्यक्षर-खण्डन की प्रतिज्ञा करके श्री करपात्री महोदय ने हेत्वाभास-छल-प्रबल-युक्तियुक्त 'वेदार्थ-पारिजात' नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया है। मुझ कृशतनु को, यह स्थूलकाय ग्रन्थ जब दृष्टिगोचर हुआ तब दीर्घकालीन रोगग्रस्त होने के कारण, इस पोथे का उत्तर देने के लिये मेरे मन में कोई उत्साह नहीं हुआ, परन्तु ऋषि दयानन्द-सरस्वती के लिये इस पोथे में जो अशिष्ट एवम् अभद्र शब्दावली प्रयुक्त की गई है, उसने मेरे अन्तर को अति व्यथित किया और ये गेरुआ वस्त्रधारी स्वपाण्डित्य-दम्भीलेखक, परोपकारी सर्वकल्याणकामना-साधना में जोवन समर्पित करने वाले ऋषिदयानन्द पर, कृतघ्नता से वैदिक-सिद्धान्तों के लाञ्च्छनस्वरूप मिथ्या आरोप लगाकर कुतर्कों से वेदार्थ को दूषित करने के लिये कटिबद्ध हैं यह देखकर मैंने उत्तर देने का निश्चय कर लिया।

मेरा विचार है कि अब तक कोई अन्य इतना असूयक द्वेषी विद्वान् नहीं हुआ जिसने ऋग्वेदादि-भाष्य,-भूमिका के वर्ण, पद, वाक्य सभी को 'तुच्छ' अविचारित' कहने का ऐसा दुःसाहस किया हो जैसे कि करपात्री जी ने तलछट खण्डन की प्रतिज्ञा की है।

इस पारिजात में कितनी ही व्याकरण न्याय, छन्दःशास्त्र और वैदिक सिद्धान्तों को समझने की महाभूलें की हैं उन सबकी गणना अकेले कर पाना अतिकठिन है। पहले मुझे मेरी (सहधर्मिणी) धर्म-पत्नी ने मुझे बहुत रोका फिर भी मुझे उत्तर देने के लिये दृढ़-संकल्प समझकर पूर्ण सहायता देना स्वीकृत कर लिया। उन्हें भी इस बात से बहुत कष्ट हुआ कि ये प्रवञ्चन-प्रवीण पौराणिक-विद्वान् संस्कृत को माध्यम बनाकर बुद्धिवाह्य शब्दार्थचयन के चमत्कार से संस्कृतान-

भिज्ञ अपने भक्तों को चकित करके सदर्थवान् वेद-वीणा-विनाद को दुष्टार्थों से दूषित करने पर तुले गये हैं।

आक्षेपों का समाधान करने के लिये कृतसंकल्प विद्वत्सेवक मैं, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका के किये खण्डनों का खण्डन कर रहा हूं।

"मुनिवर दयानन्द-सरस्वती की भाष्यभूमिका का श्री करपात्री जी ने जो खण्डन का प्रयास किया है उसका बैदिक-तीक्ष्ण-तर्कों से सप्रमाण विशुद्धानन्द-नामक आर्ष मैं छेदन कर रहा हूं।

अशेषश्रीविभूषित गुरुवर्य श्री पं० विहारीलाल जी शास्त्री ने मुझे समाधानार्थ प्रवृत्त किया है मैं 'निर्मलावृत्ति से यथाशक्ति समाधान प्रस्तुत कर रहा हूं।

विद्वानों का वशंवद
आचार्य विशुद्धानन्द मिश्र

प्रास्तावनिकम्

महदिदं प्रमोदावहं यदद्यतनविद्वांसोऽपि विमृशन्ति वेदवादान्, भृशं हृष्यति च मामकं चेतो यत् विपश्चिदपश्चिमा पौराणिका अपि विचिन्वन्ति रम्योक्ति-रहस्य-रत्नानि विश्वविश्रुताभ्यः-श्रुतिभ्यः। मासकतिपयपूर्वं नौ दृग्पथमवातरत् श्री करपात्र-स्वामि-विरचितो 'वेदार्थ-पारिजातो' नाम ग्रन्थः।

अस्माकं गीर्वाणवाणी-विलास-रसिकानां, संस्कृतमातृभाषाणा-मस्मद्बालानां चापि, सस्कृतज्ञान् प्रति महनीया श्रद्धा-प्रवणा भावनाऽनवरत मनसि समुद्दीप्ता जरीजागर्ति। सा निसर्गतश्चान्व-बध्नात् श्रीकरपात्रिमहोदयानपि। परमेतद्-ग्रन्थाध्ययने स्वामि-दयानन्दं प्रति धार्ष्ट्यादिशब्द-प्रयोगबाहुल्यम् अतितरामखेदयत् हृदयं नौ। भव्यभावुक-मानसत्वादस्य 'वेदार्थ कल्पद्रुम' लेखकस्य मानसमतितरा-मव्यथत; चिराय च चिन्तासन्तानसन्तप्ते चेतसि संजाते सान्तर्द्वन्द्वे च नास्य 'वेदार्थ-कल्पद्रुमस्य लेखन संकल्पद्रुमः फलेग्रहितामभजत्, परं श्रावं श्रावं धार्ष्ट्यादिशब्दावलीं बहुकाला-तीतिः परिणामे आज्यरुजाराज्य-व्याकोपाऽऽटोप-पीड्यमानमपि, मदीड्यचरणमेतं दयानन्दीय-मत-खण्डनं विधातुं परवन्तं व्यधात् समुद मिषच्च तद्हृदयोद्याने काचित् एतादृग्ग्रन्थरचनोत्कलिका कलिका।

श्री करपात्रिणा ऋग्वेदादि-भूमिकायाः कणेहत्य खण्डनप्रतिज्ञानं केवलं लेखक-दुर्मनोदर्शनम्। किञ्च सुर-गिराज्ञान-गर्वितस्यास्य संन्यासिनः दृग्वर्त्मनि नहि कश्चिद् गुणो दयानन्दर्षिभूमिकायाः अवातरदिति महान् विस्मयः। एवं-विधा रागद्वेष-दूषितवृत्तिः न शोभते देववाणीविदुषः सन्यासिनः।

एषा गुण-ग्रहण-परिपन्थिनी-प्रवृत्तिः हृदयेशय-शङ्कुरिव सुभृशं व्याकुलमकार्षीन्मम मानसम्।

अपि च, अत्यर्थं विस्मयावहमदो यत् कराल-कुटिल कालाक्रान्त-

चक्रे प्रगुणितरये आर्यसामाजिकाः पौराणिका वा सम्भूय ईश्वर, वेद, मूर्तिपूजा, श्राद्ध बलि-दानादि-विषयेषु नाद्यावधि निर्णयन्त-श्चायन्ते वैमत्यमवमत्यैकमत्य-परिणामम्। वेदेष्वैतिह्यभ्रमः, मन्त्र-ब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्, प्रकृति-जीवसत्ता-निषेध-परकाद्वैतवाद, इत्यादयो विषयाः अनल्पकाल-कलनेनाऽपि नाद्यावधि वादेन निर्विवादं निणयं प्रापिताः। अस्तु न भवेन्नाम निर्णयः, परं प्रेम-पूर्वक-विषय-परिशीलन-प्रक्रिया केन प्रतिषिद्धा? इति तु न परि-ज्ञायते।

अस्तु तावद्, वेदेष्वितिवृत्तमस्ति न वेति पक्ष-द्वयमपि विचार्यते ऽधुना। वेदानां नित्यत्वाभ्युपगमे तत्र वेदेषु पुरुरव-उर्वश्योः वसिष्ठ-विश्वामित्रयोः इन्द्रवृत्रयोः, इन्द्राऽहिल्ययोः कथांशाः उपा-ख्यानानि वा कथं संगच्छेरन्, यतोहि नित्येषु खलु सत्सु वेदेषु अनित्यानां मर्त्यानामुपाख्यानानि न सम्भाव्येरन् परं विलसन्ति तत्र बहुत्र तादृक्कथांशाः इति चेदुच्यते—यानि कानिचिद् वृत्तान्त-रूपेण भासमानानि वृत्तानि यत्रकुत्राप्युपलभ्यन्ते, तान्यर्थान्तरावग-मतया, विभिन्नतात्पर्यवत्त्वेन चोन्नेयानि' इत्यवधेयं सुधीभिः। यदि च क्वचिद् वेदेषु संज्ञापरा वसिष्ठादय शब्दाः केषाञ्चिदनित्य-मर्त्यानामवबोधका आपाततोऽवभासन्ते न तावता तेषामस्मदादिवत् इन्द्रवृत्रादीनामितिहास-परत्वमवबाध्यम्; अपितु तत्त्वज्ञानपरम् अर्थान्तरं मृग्यं तेषाम्।

निरुक्तभाष्यकृद्भिः स्कन्द, दुर्गप्रभृतिभिरपि महाभागैरेष एवार्थः सिद्धान्तितः। तद्यथा—"एवमाख्यानरूपाणां मन्त्राणां यजमानेन नित्येषु पदार्थेषु योजना कर्त्तव्या, तथा च वक्ष्यति 'तत्को नाम वृत्रः? मेघ इति नैरुक्ताः'' औपचारिकोऽयं मन्त्रेष्वाख्यान-समयः। परमार्थे तु नित्यपक्ष एवेति सिद्धम्" (स्कन्दस्वामी निरुक्त-भाष्ये)।

एवं समूहावतां विदुषां नयेन न मनागपि तत्र तत्र स्थलेषु इति-वृत्त-विशेष-शङ्कावकाशलेशः। ऐतिहासिकास्तु वेदवाणीमशाश्वतिकी मृषि-प्रणीतां पौरुषेयीं च मन्यमानास्तत्रेतिहासमभिमन्यन्ते विवृण्वन्ति च ते तांस्तान् कथांशांन् इतिवृत्तरूपेण।

वेदेषु शन्तनु-देवापी-कथां प्रणिभाल्य सुदासाद्याख्यानानि पर्यालोच्य, गंगादिनदीनामानि संवीक्ष्य मत्स्यादि-प्रदेश-नामानि च नयनगोचरीकृत्य सायणोद्गीथ-वेंकट-माधव-भट्ट-भास्कर-महीधरादि भाष्यकाराः अपि आख्यानत्वेन प्रपञ्चितानुपदेशान् इतिहासरूपेण मन्यमानाः भ्रमजाले बम्भ्रमति। अथापि ते तत्रेतिहासमाचक्षते'' इत्यादीः यास्कीयोक्तीरवलम्ब्य यास्काचार्यमपि इतिवृत्तवादिनं मन्यन्ते। परं वस्तुतस्तु यास्काचार्यः ऐतिहासिकपक्षावलम्बिनां पक्षमुद्धृत्य तस्य खण्डनपराणि अर्थान्तराणि प्रविधाय, सुस्पष्टतया वेदेषु अनित्येतिहास-पक्षाभावं प्रमाणयति। एवमेव महर्षिदयानन्दे-नापि वेदेषु अनैतिहासिक-पक्ष एवेति सप्रमाणं प्रतिपादितम्। इयमभिनवेव भासमानाऽपि प्राक्तना दृक् वेदप्रतिष्ठायाः वर्धयित्री आस्थविरबालं चालं सम्मननाय सम्माननाय च।

प्रस्तावनाप्रस्तोतॄणामनवद्यहृद्य-प्रतिपद्यमान-विद्यावदातमतीनां श्रीस्वामिकरपात्र-सुयोग्य-शिष्य-मण्डलमण्डनानां, पाण्डित्याऽऽभा-सितसितयशसां महाविदुषामभिरामघटितशिष्य-भक्तिपट्टानां, पट्टाभिराम शास्त्रिणां, श्रीकरपात्रिसंदर्भगतागभीरविमर्श-पुरस्सरम् असमीचीनोऽर्वाचीनो वचनरचना-प्रपञ्चप्रहारोऽयं न रोचते शुचि-रुचिभ्यः विपश्चिद्भ्यः यद् "ब्राह्मणग्रन्थानां सत्यपि संहिताव्याख्यान-रूपत्वे यथा तदपौरुषेयत्वं प्रसिद्ध्यति तथा मनोहरः पन्थाः प्रदर्शितः'' इति।

एवंविधगुरु-वचन-समर्थन-पक्षपात-प्रणिपातेन अविविच्य मक्षिका-स्थान-मक्षिका-निपातन-प्रवणैः विद्यासागरैस्तैः क्षीरा-म्भोधिरपि क्षाराम्भोधीकृतः।

तदिह किञ्चित् संक्षेपेण विविच्यते तत्त्व-चिन्तनमुक्ताश्चिन्वतां नीरक्षीर-विवेकवतां विद्वदवतंसानां हंसानां पुरस्तात्तथा हि:-के खलु ग्रन्था वेदपदाभिधयाः इति जिज्ञासायां विनिवेद्यते यद्यप्यत्रविषये संहिता, ब्राह्मणम्, आरण्येकोपनिषद्, कल्प-मीमांसासूत्रं, षडङ्गानि चेति मतपञ्चकं संभाव्यते, तथापि मन्त्रब्राह्मणयोरेव मुख्यत्वेन वेदाभिधेयत्वमिह पर्यालोच्यते: तथाहि :—

संहितानां वेदत्व-विषये तु नाद्यावधि विवादोऽवर्तिष्ट विद्वत्सु,

केवलं ब्राह्मणग्रन्थानां वेदाभिधेयत्वसमर्थने 'मन्त्रब्राह्मणयो र्वेदनाम-धेयम्' इतीदृशानि सूत्राणि समुपलभ्यन्तेऽतोऽजायत ब्राह्मणानां सम्बन्धे वेदत्व-विवादः।

अत्रेदमवधेयं यत्-ब्राह्मणानां वेदत्वप्रतिपादकानि कल्पसूत्राणि-पौरुषेयाणि, तानि च ब्राह्मणानां रचना कालात् उत्तरकालवर्तीनि ब्राह्मणेति तत्र नाम-ग्रहणात्। सूत्र-रचनाकालात् पूर्वं न कश्चिदपि ब्राह्मणानां वेदत्वं प्रतिपादयितुं अवर्तिष्टेति निश्चप्रचम्।

अपि च ब्राह्मण-ग्रन्थेष्वपि समुपलभ्यमानो वेद-पद प्रयोगः केवलं मन्त्राभिधायी इति प्रणिभालनीयं विद्वद्भिः, तथा हि

'तानि ज्योतींष्यभ्यतपत् तेभ्यस्तप्तेभ्यस्त्रयो वेदा अजायन्त ऋग्वेद एवाग्नेरजायत, यजुर्वेदो वायोः, सामवेद आदित्यात्...स ऋचैव होत्रमकरोद् यजुषाऽऽध्वयवं साम्नोद्गीथम्' (ऐ. ब्रा. ५।५।७)

इहोपक्रमे वेदशब्द-प्रयोगोऽन्ते अपि च ऋग्यजुः साम शब्दानां प्रयोगोऽमीषामेव ऋगादीना संहितानामेव वेदत्वं साधयति न ब्राह्मणानाम्।

गीर्वाण-वाणीपारावारपारीण महानाचार्यशङ्करोऽपि 'एवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतत् ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वा-ङ्गिरस इतिहासः पुराणम्...इति बृहदारण्यकोपनिषद्भाष्ये 'किन्त-न्निश्वसितमिव ततो जातमित्युच्यतेः-यदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वा-ङ्गिरसः चतुर्विधमन्त्रजातमिति' चतुर्विधमेव वेदत्वं प्रत्यपादयत्। याज्ञिकास्तु 'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयमिति यज्ञ-प्रकरणे ब्राह्मणाना-मपि वेदत्वममन्यन्त तदविकलविधिप्रतिपादनात्। एतत्परिपुष्टौ 'तद्याः प्राच्यो नद्यो वहन्ति याश्च दक्षिणस्यो याश्च प्रतीच्यः समुद्रम-भिपद्यमानानां छिद्यते नामधेयं, समुद्र इत्याचक्षते...एवमिमे सर्वे वेदा निर्मिताः संकल्पाः सरहस्याः सब्राह्मणाः, यज्ञमभिपद्यमानानां छिद्यते नामधेयं, यज्ञ इत्याचक्षते' याज्ञिकानामेषा परिभाषेति ध्वन्यते। अपि चेह 'सर्वे वेदा सब्राह्मणाः' इति वचनेन ब्राह्मणैः सहिता वेदा इति (विग्रहात्) ब्राह्मणानां गौणतैव सिद्धा, सशिष्यो गुरुरितिवत्।

वस्तुतस्तु कृष्णयजुषि ब्राह्मणानां पाठाः अपि मिश्रिताः, अतः परिज्ञान-काठिन्य-निवारणाय कृष्णयजुर्वेदीयाः याज्ञिकाः अनुष्ठीय-मानकर्म-स्मारकत्वं मन्त्रत्वं विनियोजकं च ब्राह्मणमिति पृथक्-पृथक् लक्षणं व्यधुः। श्रीमता पट्टाभिरामशास्त्रिणाऽपि ब्राह्मणानां व्याख्यान-रूपत्वं प्रत्यपादि स्वभूमिकायाम् (वे. पा. पृ. ७ पं २१)।

अपि च न वेदव्याख्यानं (ब्राह्मणम्) वेदो भवितुमर्हति इति समर्थयन् सनातनधर्मि-शेखरायमाणो सामश्रमी ऐतरेयालोचने व्यलिखत् "सायणाचार्येण स्वकण्ठरवेणैव अस्य मन्त्रव्याख्यानरूपत्वमभाषि। तथा हि तैत्तिरीयसंहिता-भाष्य-भूमिकायाम् "ब्राह्मणस्य मन्त्रव्याख्यान-रूपत्वात् मन्त्रा एवादौ समाम्नाता इति।" तथा च मीमांसायामपि "अनाम्नातेष्वमन्त्रत्वमाम्नातेषु हि विभागः (२।१।३४)।" अनाम्नातेषूहप्रवरनामधेयेषु न मन्त्रत्वं, न च मन्त्रसम्बन्धेनैव ब्राह्मणानामपि मन्त्रत्वं निगदितुं शक्यते, ईश्वरोक्तत्वाभावात् पौरुषेयत्वाच्च।"

अपि च एतत्प्रसंगे हरिवंशपुराणे

ऋचो यजूंषि सामानि, छन्दांस्याथर्वणानि च।
चत्वारस्त्वखिलाः वेदा सरहस्याः सविस्तराः।

गोपथ ब्राह्मणेऽपि—"चत्वारो वा इमे वेदाः ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदः ब्रह्मवेद" इति, उतापि महाभारते शान्तिपर्वणि—

त्रयीविद्यामवेक्षेत, वेदे सूक्तमथाङ्गतः।
ऋग्सामवर्णाक्षरता, यजुषोऽथर्वणस्तथा॥ (शां. प. १२५)

अथापि सर्वानुक्रमण्याम्:—

विनियोक्तव्य-रूपश्च, त्रिविधः सम्प्रदर्श्यते।
ऋग्यजुः सामरूपेण, मन्त्रो वेद-चतुष्टये।

तदेवं विविधैः शास्त्रीयैः प्रमाणैः 'ब्राह्मणवर्जं मन्त्राणामेव वेदत्वमितिप्रमाणिते सत्यपि श्रीमता करपात्रिणा ऽथापि तच्छिष्यश्रीमत्पट्टाभिरामशास्त्रिणा ब्राह्मणानामपि वेदत्वकथनं समर्थनं वा अविमृष्टमेव सर्वथा।

चरमश्चापि चिन्त्यः प्रश्नः ईश्वर-विषयकः। तदत्र जायते शंका किमेका ईश्वरस्यैव सत्ता उत प्रकृति-जीवात्मनोरपि ? तत्र संक्षेपेणा-

न्वीक्ष्यते तावत्:-यदा वयं शास्त्राण्यनुशीलयामस्तदा अस्माभिः ईश्वर-जीव प्रकृतय स्त्रयोऽनाद्यनन्ताः पदार्थाः प्रणिभाल्यन्ते। अत्र केचिद्-मिथोविरोधं दर्शन्ति, परं परयमार्थतो न क्वापि खलु दर्शनकारेषु पारस्परिकविरोधः प्रत्युत पारस्परिक पूर्ति-परका एवेमे इति सुविशदं षड्दर्शनसमुच्चये द्रष्टव्यम्।

दर्शनेषु पारस्परिक-विरोधदर्शिनस्तावत् श्रीमच्छङ्कराचार्य-संन्यासिनः एव प्राबल्येन दृश्यन्ते यैः प्रधानात्मप्रतिपादकस्य सांख्याचार्यस्य खण्डनं व्यधीयत। किं बहुना, तैः महर्षि-कपिलाचार्याणामस्तित्वमेव अप्रमाणितम् तथा हि:—वेदान्तदर्शनस्य द्वितीयाध्यायस्य प्रथमसूत्रे 'स्मृत्यनवकाश-दोष-प्रसङ्ग इति चेन्न, 'अन्य स्मृत्यनवकाश-दोष प्रसङ्गात्' या तु श्रुतिः कपिलस्य ज्ञानातिशयं प्रदर्शयन्ती प्रदर्शिता न तथा श्रुति-विरुद्धमपि कापिलमतं श्रद्धातुं शक्यम्, कपिलमिति श्रुतिसामान्यमात्रत्वात्, अन्यस्य च कपिलस्य सगर-पुत्राणां प्रतप्तुर्वासुदेवनम्नः स्मरणात्' (शां० भा०)

तथा च तृतीय सूत्रभाष्ये 'द्वैतिनो हिते सांख्य योगाश्च नात्मैकत्व दर्शिनः' इत्येवं श्रुति-स्मृति-प्रतिपाद्य-सर्वज्ञकल्प-कपिलदेवो वासुदेवांश-रूपेणावतीर्णः कश्चिदन्य एवासीत् इत्युक्तम्।"

यद्यपि श्रीमद्भागवतानुसारमपि

"अयं सिद्धगणाधीशः सांख्याचार्यैः सुसम्मतः।
लोके कपिल इत्याख्यां, गन्ता ते कीर्तिवर्धनः।

इत्यादिवचनैरयमेव सांख्यशास्त्रप्रणेता कपिलः इति सिध्यति, तथाऽपि कस्य खलु सामर्थ्यं यो महाप्रज्ञं शङ्करस्वामिनम् एवं प्रवचनात् अवरुणद्ध।

यद्यपि अन्ते हतप्रभेण भगवता शङ्करेणापि कथितमेव यत् 'अस्मत् कृते व्याख्याने जना न विश्वस्युः बहुमानात् स्मृतिप्रणेतृषु कपिलादिषु" तथापि सः द्वैतवादिनं कपिलम् अवैदिकं परमाणुवादिनं च कणादं वैनाशिकममन्यत। शङ्करमतेन तु यद्यपि पञ्चापि दर्शनकाराः नानात्म-वादिनोऽवैदिका निर्णीयन्ते शिष्टश्चविशिष्टो वेदान्तप्रणेता व्यासदेवश्च योगसूत्रभाष्ये नानाचिदात्म-सिद्धान्तमेव प्रत्यपादयत्। अनयोः कतरो नु मन्येत, वैदिकोऽवैदिको वेति ? तथाप्यस्मान् समानपि आश्चर्या-

म्भोनिधौ ब्रुडितान् विधत्ते लोके एषा, "षड्दर्शनस्थापनाचार्यः जगद्गुरुश्रीमच्छङ्कराचार्य इति पवित्र-विशेषणात्मिका ख्यातिः।"

वस्तुतस्तु भगवतां श्रद्धेयशङ्कराचार्याणामेषा मिथ्या परदोषोद्भावनरूपा, षड्दर्शनमहाप्रसाद-प्रध्वंस-प्रयासपराऽप्रशस्तिकरी प्रवृत्तिरगरीयसी ।

अथ च नहि दुःखादिफलभोक्ता परमेश्वरः, परं जीवात्मा एव। न च प्रकृतिं विना अपरिणामिनः परमात्मनः कल्पितोपादानरूपत्वात् जगदुत्पत्तिः शास्त्र-सम्मता, परं स्वामिशङ्कराचार्यस्तु स्वमनीषिकयाऽस्मिन्विषये सांख्यादि-दर्शन-विरुद्धं पृथगेव स्वकृशरां पचति ।

असंदिग्धमिदं यदिमं पन्थानमद्वैतवाद-बन्ध-सिद्धान्तेन अतितरां दुराराध्यं जटिलं च व्यधित भगवान् शङ्करः। जाटिल्यपटलमटलमस्य भूयो मायावादमवष्टभ्य वरीवर्ति। माया एवास्य अद्वैतवादस्य आधारभित्तिः। मायारूपावबोधमन्तरेणाद्वैतवादो बुद्धि-विषयीकर्त्तुमतीव दुष्करः। माया शब्दोऽयं यद्यपि न शाङ्करोपज्ञः, ततः प्रागपि तदुपलब्धेः, "इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" मा मर्त्यस्य मायिनः' इत्यादिश्रुतिषु, तथापि मायास्वरूपं तु तदुपज्ञमेवेति निर्विशङ्कम् ।

यद्यपि मायाशब्दो वैदिक-साहित्ये प्रकृतिवचनः, "मायां तु प्रकृतिं विद्धि, मायिनं तु महेश्वरमिति वचनात्, परन्तु शाङ्करनये सदसद्विलक्षणा काप्यनिर्वचनीया ब्रह्मणः शक्तिः माया। तथा हि तदुक्तिः—

'सत्यप्यसत्यप्युभयात्मिका नो,
भिन्नाऽप्यभिन्नाऽप्युभयात्मिका नो।
साङ्गाप्यनङ्गाप्युभयात्मिकाऽपि नो,
मायाऽद्भुताऽनिर्वचनीय-रूपा ।।

एषैव खलु निखिलं जगत् प्रसूते। ब्रह्माश्रयन्ती चापि तदावरणं करोति, परं नैवं-विधो दृष्टान्तो लोके समुपलभ्यते। वास्तवं चेदं यत् प्रकृतिर्जीवः परमेश्वरश्चेति त्रयोऽप्यजन्मानः, त्रयोऽपि सर्वजगत् कारणं नैषां किमप्यन्यत्कारणमिति। तथा च श्रुतिः—

अजामेकां लोहित-कृष्ण-शुक्लां, बह्वीः प्रजाः सृजमानां स्वरूपाः।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते, जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः ।।
(श्वे० अ० ४।मं० ५)

अनादिर्जीवात्मा प्रकृतिमनादिं परिभुञ्जानस्तत्र सज्जति। परमेश्वरस्तु तामनश्नन् नावलिप्यते। एकमेव ब्रह्मनादं घोषयन्तश्चेमे नवीनाः मायावादिनो नेदं विदन्ति यत्ते जडाऽर्चनपरा अपि प्रत्यक्ष-सिद्धां जडप्रकृतिं कथमपलपितुं शक्ष्यन्ते। स्वगतशून्येऽपि ब्रह्मणि सजातीय-विजातीय-भेदाऽभावो न स्थातुं युक्तः आत्मप्रकृत्योः सत्त्वात् ।

एतत्सर्वं निभाल्य स्वामि-दयानन्दः सरस्वती समस्तशास्त्रप्रतिष्ठां पुनः स्थापयितुं वेदशास्त्र-सम्मतं त्रैतवादं वेदेष्वितिहासाभावादि-विषयांश्च सम्यग् विविच्य सिद्धान्तितवानिति सुधियो विदन्ति ।

श्री करपात्रिमहोदयास्तु सपरिकरा अपि न्यायादि-शास्त्राणां मिथोविरोधमुदीरयन्त एव ग्रन्थमिमं प्राणयन् ।

अस्मिन् वेदार्थ-कल्पद्रुमे नाम ग्रन्थे वेदार्थपारिजातलेखकस्य श्रीकरपात्रस्य अपमानाय न कामपि अपशब्दावलीं प्रयुञ्जानोऽस्ति-विद्वान् रचयिता, तथापि यत्र तत्र महर्षि-दयानन्दं प्रति प्रयुक्ताऽभद्र-पदावली समुद्वेजयन्तीव एनं लेखकं तदुत्तरे किञ्चिद् दुःश्रववचांसि प्रयोक्तुं परवशमकरोत्। समयाऽभावात् 'कल्पद्रुमे' ऽस्मिन् वेदोत्पत्ति-नित्यत्व-वेद-विषय-विचारचर्चाऽऽक्षेपनिरास एव व्यधायि। शेषोऽशेषो हि कालेन समाध्यास्यते ।

अहमिह स्वलघुभगिन्याः पुराणेतिहास-वेदाचार्यायाः सावित्री-देव्याः आत्मजं स्वभागिनेयं चि. कवि क्रतु शर्माणं मूलप्रतिलिपि-सज्जीकरणनिरतं, प्रमाणान्वेषणसाहाय्यकरं सूनुं चि० मेधाव्रतं स्वपुत्रीं मञ्जुलां च संस्मरामि साशीराशिभृद्धृदयाञ्जलिं विभ्रती अभि-स्नेहभावेन यदेते अपि मामकाः जना महोपकारिणः वेदोद्धारिणः महर्षेर्दयानन्दस्य सुपरीक्षित-वर्त्मनि वर्त्तमानाः तेषां सत्य-सिद्धान्तानां प्रचारं प्रसारं च कुर्युरिति कामयमाना विरमाम्यतिपल्लवितेन ।

निवेदिका
निर्मला मिश्रा

प्रस्तावना

यह बड़े हर्ष की बात है कि आजकल के विद्वान् भी वेदों पर विचार कर रहे हैं, मेरा हृदय और भी प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है कि पौराणिक विद्वान् भी विश्वविश्रुत श्रुतियों से सूक्ति रत्नों के चयन में तत्पर हैं।

कुछ मास पूर्व श्री करपात्री जी द्वारा विरचित 'वेदार्थ-पारिजात' ग्रन्थ हम लोगों को देखने को मिला। देवभाषा संस्कृत के रसिक हम और संस्कृतमातृभाषी हमारे बच्चों के हृदय में भी संस्कृत-विद्वानों के प्रति निरन्तर श्रद्धा-भावना विद्यमान रहती है। यही भावना श्री करपात्री जी महोदय के प्रति भी बहुत समय तक अनुबद्ध रही, परन्तु इनके इस ग्रन्थ के पढ़ने पर, परमोपकारी महान् वेद विद्वान् महर्षि दयानन्द के प्रति इनके द्वारा प्रयुक्त धाष्ट्र्य (धृष्टता) आदि अपशब्दों के बाहुल्य से हमारे हृदयों को अतीव खेद की अनुभूति हुई। विशेषरूप से 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' के भावुक-हृदय लेखक का मन तो अत्यन्त व्यथित हुआ।

बहुत काल तक चिन्ताग्रस्तअन्तर्द्वन्द्व पूर्ण इनके मन में इस 'वेदार्थ-कल्पद्रुम के लेखन का संकल्प कल्पद्रुम पुष्पित और फलित न हो सका; परन्तु धाष्ट्र्यादि शब्दावली को सुन सुनकर बहुकालात्यय ने रोग से पीडित होने पर भी इन लेखक को दयानन्दीय-मत-खण्डन के खण्डनहेतु कृतसंकल्प बना ही दिया और इस कार्य के लिए इनके हृदयोद्यान में ग्रन्थरचने की उत्कंठा रूपी कलिका खिल उठी।

कर्णेहत्य खण्ड्यते' ऐसी प्रतिज्ञा करके ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका में करपात्री जी को कोई एक भी गुण दृष्टिगोचर नहीं हुआ यह महान् आश्चर्य है। यह प्रवृत्ति देववाणी के संन्यासी को शोभा नहीं देती। ऐसी रागद्वेषदूषितवृत्ति विद्वानों की गुण-ग्रहण विरोधिनी

प्रवृत्ति है, इसने हृदय-शल्य बनकर मेरे मन को अत्यन्त व्याकुल कर दिया।

अतिविस्मय का विषय है कि अत्यन्त वेगशील कराल कुटिल कालचक्र प्रवर्त्तन में भी आर्यसामाजिक और पौराणिक विद्वान्, ईश्वर, वेद, मूर्तिपूजा, श्राद्ध, बलि दान आदि विषयों पर आज तक भी मिलकर निर्णय नहीं करते। वेदों में इतिहास, मन्त्र और ब्राह्मण की वेद संज्ञा, प्रकृति-जीवसत्ता निषेधपरक अद्वैतवाद इत्यादि विषय बहुत काल से विचार करने पर भी विवाद से निर्विवाद निर्णीत नहीं हुये। अच्छा, भले ही निर्णय न हो परन्तु प्रेमपूर्वक विषय परिशीलन की प्रक्रिया में विद्वानों को क्या बाधा है ? यह मेरी समझ में नहीं आता।

अच्छा तो अब वेदों में इतिहास है या नहीं, दोनों पक्षों पर विचार किया जाता है। वेदों का नित्यत्वस्वीकार करने पर पुरुरवा-उर्वशी, वसिष्ठ-विश्वामित्र, इन्द्र-वृत्र, इन्द्र और अहिल्या के कथांश या उपाख्यान कैसे संगत हो सकते हैं ? क्योंकि वेदों के नित्य होने पर अनित्य प्राणियों के उपाख्यान उनमें कैसे संभावित हो सकते हैं ? यदि हैं तो उनका समाधान प्रस्तुत है—जो वृत्तान्तरूप से आभा-समान कथानक हैं वे अर्थान्तर के गमक (बोधक) होने के कारण तथा विभिन्नतात्पर्ययुक्त होने के कारण समाधान के योग्य हैं। यदि कहीं वेदों में वसिष्ठ आदि शब्द किन्हो अनित्य मनुष्यों के अवबोधक बाह्य रूप से प्रतीत भी होते हैं तो केवल इतने भर से हमारे समान इन्द्र, वृत्र आदि का भी इतिहास-परत्व नहीं समझना चाहिए अपितु तत्त्व-ज्ञान-परक उनका अर्थान्तर ढूंढना चाहिए।

निरुक्त भाष्यकार स्कन्द-दुर्ग प्रभृति आचार्यों ने भी यही पक्ष सिद्धान्त रूप में स्वीकार किया है जैसे कि "इस प्रकार आख्यानरूपक मन्त्रों की यजमान के द्वारा नित्यपदार्थों में योजना करनी चाहिए जैसा कि कहा भी जाएगा कि—यहाँ वृत्र कौन है ? वृत्र मेघ है ऐसा निरुक्त पक्ष-धर मानते हैं। मन्त्रों में आख्यान औपचारिक है, परमार्थरूप में नित्य पक्ष ही सिद्ध है"। (स्कन्दस्वामी मत)

इस प्रकार सम्यग् ऊहा करने वाले विद्वानों की नीति से वेदों में

इतिहास मानने की शंका के लिए अवकाश का लेशमात्र भी नहीं है। ऐतिहासिक (इतिहास पक्षधर) तो वेदवाणी को अनित्य, ऋषि प्रणीत और पुरुषकृत मानते हुए, उन कथांशों को इतिहास मानते हैं। वेदों में शन्तनु और देवापी कथा को देखकर, सुदासादि आख्यानों का पर्यालोचन करके, गंगादि नदियों और मत्स्यादि प्रदेशों के नामों को देखकर, सायण, उद्गीथ, वेंकट, माधव, भट्ट, भास्कर, महीधरादि वेदभाष्यकार भी आख्यान रूप प्रपंचों को ही उपदेश रूप में स्वीकार कर इतिहास पक्ष को मानते हुए भ्रमजाल में चक्कर काट रहे हैं, और वे निरुक्तकार के 'तत्रैतिहासमाचक्षते' इत्यादि वचनों का आश्रय लेकर यास्काचार्य को भी इतिहासवादी मानते हैं, परन्तु भगवान् यास्क तो ऐतिहासिक पक्षावलम्बियों का पक्ष उद्धृत कर, उसका खण्डन परक-अर्थान्तर करके वेदों में अनित्य-इतिहास के अभाव को स्पष्ट रूप से प्रमाणित करते हैं।

इसी प्रकार महर्षि दयानन्द ने भी वेदों में अनैतिहासिक पक्ष को ही माना है। ऋषि दयानन्द का नवीन लगने वाला प्राचीनतम दृष्टिकोण वेद की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला आबालवृद्ध को सम्माननीय और मननीय है।

प्रस्तावना के लिखने वाले, अनिन्द्य और सुन्दर प्राप्त-विद्या के द्वारा स्वामी दयनान्द के मत का खण्डन करने वाले, श्री करपात्री जी की सुयोग्य शिष्य मंडली के मंडन-रूप, भक्ति के अभिराम पट्ट से अलंकृत श्री पट्टाभिराम जी शास्त्री का, श्री करपात्री जी के सन्दर्भ में अगम्भीर विमर्श-पूर्वक, यह वचन रचना-प्रहार, परिष्कृत-रुचि वाले विद्वानों को अच्छा नहीं लगता जैसा कि उन्होंने कहा है— "ब्राह्मण ग्रन्थों के वेद व्याख्यान रूप होते हुए भी, अपौरुषेयत्व होने का मनोहर मार्ग (श्री करपात्री जी ने) दर्शाया है।" ऐसे गुरुवचनों के समर्थन रूप पक्षपात में गिरने से मक्खी पर मक्खी मारने की प्रवृत्ति में निपुण विद्यासागर जी! आपने क्षीर सागर को भी क्षार सागर बना दिया।

यहां संक्षेप से कुछ विवेचन, तत्त्व-चिन्तन-मुक्ताओं को चुनने वाले, नीरक्षीर-विवेकी विद्वन्मरालों के समक्ष उपस्थित किया जाता है। जैसे कि:—

